भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या– 2000
दिनांक 12.12.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

भारतीय नागरिकता का परित्याग

2000. **श्री कपिल सिब्बलः**
डा. जॉन ब्रिटासः

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान राज्य–वार और वर्ष–वार कितने भारतीय नागरिकों ने स्वेच्छा से अपनी भारतीय नागरिकता का परित्याग किया है और इसके क्या कारण हैं;

(ख) ऐसे लोगों द्वारा भारतीय नागरिकता के बदले में किन देशों की नागरिकता प्राप्त कर ली गई है, तत्संबंधी वर्ष–वार और देश–वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा नीतिगत बदलावों अथवा अन्य पहलों सहित इस मुद्दे के समाधान के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री
(श्री कीर्ति वर्धन सिंह)

(क) मंत्रालय के पास उपलब्ध जानकारी के अनुसार, अपनी भारतीय नागरिकता छोड़ने वाले भारतीयों की संख्या 1,44,017 (2019 में); 85,256 (2020 में); 1,63,370 (2021 में); 2,25,620 (2022 में) और 2,16,219 (2023 में) थी। संदर्भ के उद्देश्य के लिए, डाटा 1,22,819 (2011 में); 1,20,923 (2012 में); 1,31,405 (2013 में); 1,29,328 (2014 में); 1,31,489 (2015 में); 1,41,603 (2016 में); 1,33,049 (2017 में); 1,34,561 (2018 में) था। विदेशी नागरिकता के लिए भारतीय नागरिकता त्यागने वाले लोगों का राज्यवार विवरण उपलब्ध नहीं है।

(ख) भारतीयों ने जिन देशों की नागरिकता प्राप्त की है उनकी सूची अनुबंध में दी गई है। वर्षवार और राज्यवार ब्यौरा इस मंत्रालय के पास उपलब्ध नहीं है।

(ग) नागरिकता त्यागने/लेने के कारण व्यक्तिगत हैं। सरकार ज्ञान अर्थव्यवस्था के युग में वैश्विक कार्यस्थल की क्षमता को पहचानती है। इसने भारतीय प्रवासियों के साथ अपने संबंध में भी एक परिवर्तनकारी बदलाव किया है। एक सफल, समृद्ध और प्रभावशाली प्रवासी, भारत के लिए एक परिसंपत्ति है। भारत अपने प्रवासी नेटवर्क का उपयोग करने और ऐसे समृद्ध प्रवासी समुदाय से प्राप्त सॉफ्ट पावर के उत्पादक उपयोग से बहुत लाभ प्राप्त कर सकता है। सरकार के प्रयासों का उद्देश्य प्रवासी क्षमता का पूर्ण उपयोग करना भी है, जिसमें ज्ञान और विशेषज्ञता का आदान–प्रदान शामिल है।

*****

अनुबंध

उन देशों की सूची जिनकी नागरिकता भारतीयों द्वारा प्राप्त की गई

क्र.सं.	देश	क्र.सं.	देश
1	अल्बानिया	42	फिनलैंड
2	एलजीरिया	43	फ्रांस
3	एंडोरा	44	गैबॉन
4	अंगोला	45	जॉर्जिया
5	एंटीगुआ और बारबुडा	46	जर्मनी
6	अर्जेंटीना	47	घाना
7	आर्मीनिया	48	ग्रीस
8	ऑस्ट्रेलिया	49	ग्रेनेडा
9	ऑस्ट्रिया	50	ग्वाटेमाला
10	अजरबैजान	51	गुयाना
11	बहामा	52	हंगरी
12	बहरीन	53	आइसलैंड
13	बांग्लादेश	54	इंडोनेशिया
14	बेलारूस	55	ईरान
15	बेल्जियम	56	इराक
16	बेलीज़	57	आयरलैंड
17	बोलीविया	58	इजराइल
18	बोस्निया और हर्जेगोविना	59	इटली
19	बोत्सवाना	60	जमैका
20	ब्राज़ील	61	जापान
21	ब्रुनेई	62	जॉर्डन
22	बुल्गारिया	63	कजाखस्तान
23	कंबोडिया	64	केन्या
24	कनाडा	65	कुवैत
25	चिली	66	किर्गिज़स्तान
26	चीन	67	लाओस
27	कोलंबिया	68	लातविया
28	कोमोरोस	69	लिथुआनिया
29	कोस्टा रिका	70	लक्समबर्ग
30	क्रोएशिया	71	मेडागास्कर
31	साइप्रस	72	मलावी
32	चेक गणराज्य	73	मलेशिया
33	डेनमार्क	74	मालदीव
34	डोमिनिका	75	माली
35	डोमिनिकन गणराज्य	76	माल्टा
36	इक्वेडोर	77	मॉरीशस
37	मिस्र	78	मेक्सिको
38	एस्तोनिया	79	मोलदोवा
39	एस्वातीनी	80	मंगोलिया
40	इथियोपिया	81	मोरक्को
41	फिजी	82	मोज़ाम्बिक

क्र.सं.	देश
83	म्यांमार
84	नामीबिया
85	नेपाल
86	न्यूज़ीलैंड
87	नाइजीरिया
88	उत्तर मैसेडोनिया
89	नॉर्वे
90	ओमान
91	पाकिस्तान
92	पनामा
93	पापुआ न्यू गिनी
94	परागुआ
95	पेरू
96	फिलिपींस
97	पोलैंड
98	पुर्तगाल
99	कतर
100	कोरियाई गणराज्य
101	रोमानिया
102	रूस
103	सेंट किट्स और नेविस
104	सेंट लूसिया
105	सऊदी अरब
106	सर्बिया
107	सेशल्स
108	सिंगापुर
109	स्लोवाक गणराज्य
110	स्लोवेनिया
111	दक्षिण अफ्रीका
112	स्पेन
113	श्रीलंका
114	सूडान
115	सूरीनाम
116	स्वीडन
117	स्विट्ज़रलैंड
118	तंजानिया
119	थाईलैंड
120	होली सी (वेटिकन सिटी स्टेट)
121	नीदरलैंड
122	टोंगा
123	त्रिनिदाद और टोबैगो
124	तुर्की
125	संयुक्त अरब अमीरात
126	युगांडा
127	यूके
128	यूक्रेन
129	उरुग्वे
130	यूएसए
131	वानुअतु
132	वियतनाम
133	यमन
134	जाम्बिया
135	ज़िम्बाब्वे